प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

एड्स के प्रति जागरूकता रैली का आयोजन

पंतनगर। 30 नवम्बर 2021। विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान महाविद्यालय में द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के बी.एस.सी. (कम्यूनिटी सांइस) के विद्यार्थियों द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली गृहविज्ञान महाविद्यालय से प्रारम्भ होकर चकफेरी कालोनी तक की गयी। इस रैली के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा परिसर के जन समुदाय को एड्स के प्रति जागरूक किया गया इसके साथ ही विद्यार्थियों ने एड्स पीड़ितों के खिलाफ भेदभाव के विरोध में जनसमुदाय को जागरूक किया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, गृहविज्ञान महाविद्यालय द्वारा किया गया। जागरूकता रैली में लगभग 130 विद्यार्थियों के साथ अधिकारी उपस्थित थे।

विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में गृहविज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली निकालते।